9999440366
आपका फीडबैक
पर एसएमएस के जरिए खबरों पर आप अपना फीडबैक भेज सकते हैं

## सार संक्षेप

### डिकंट्रोल नहीं होगा यूरिया



**नई दिल्ली** ◆ उर्वरक मंत्रालय ने यूरिया के मूल्य को नियंत्रण मुक्त करने और इसकी कीमत 40 फीसदी बढ़ाने के किसी भी प्रस्ताव से इंकार किया है। इस समय यूरिया का फुटकर मूल्य 5,310 रुपये प्रति टन है। सरकार पोटाश और फॉस्फेट उर्वरकों को न्यूट्रिएंट आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति के तहत पहले ही आंशिक रूप से डिकंट्रोल कर चुकी है। इस समय सिर्फ यूरिया के मूल्य पर सरकार का पूरा नियंत्रण है। उर्वरक मंत्रालय के सचिव अजय भट्टाचार्य ने बताया कि यूरिया को डिकंट्रोल करने के किसी भी प्रस्ताव पर मंत्रालय विचार नहीं कर रहा है। हालांकि मंत्रालय ने यूरिया के लिए एनबीएस नीति के मसौदे पर सभी मंत्रालयों से राय मांगी है। इसमें यूरिया के मूल्य को आंशिक रूप से नियंत्रण मुक्त करने का सुझाव दिया गया है।

### चीन में खुला आयरन ओर एक्सचेंज

**बीजिंग** ◆ आयरन ओर के सबसे बड़े उपभोक्ता देश चीन ने हाजिर बाजार में आयरन ओर के मूल्य निर्धारण में अपनी ताकत दिखाने के लिए स्पॉट आयरन ओर मार्केट शुरू किया है। अभी आयरन ओर के मूल्य में सप्लायरों की भूमिका ज्यादा अहम रहती है। आयरन ओर सप्लाई करने वाले देशों में भारत प्रमुख है। चायना आयरन एंड स्टील एसोसिएशन और चैंबर ऑफ कॉमर्स ऑफ मेटल्स मिनरल्स एंड केमिकल इम्पोर्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स ने चायना बीजिंग इंटरनेशनल माइनिंग एक्सचेंज (सीबीएमएक्स) की शुरुआत की है। चीन में लंबे अरसे से यह महसूस किया जाता रहा है कि आयरन ओर के सबसे बड़े उपभोक्ता देश होने के नाते उसे मूल्य निर्धारण में मजबूत भूमिका मिलनी चाहिए। सीबीएमएक्स ने कहा कि इस एक्सचेंज के शुरू होने से वास्तविक सप्लाई और मांग के आधार पर आयरन ओर के मूल्य का निर्धारण होगा। इसके मूल्य को अटकलें प्रभावित नहीं कर सकेंगी। सोमवार को विश्व बाजार में 62 फीसदी कंटेंट आयरन ओर का भाव 1.6 फीसदी बढ़कर 142.20 डॉलर प्रति टन हो गया।

### कॉफी का निर्यात 15 फीसदी गिरा

**नई दिल्ली** ◆ पिछले अक्टूबर सेशुरू मार्केटिंग वर्ष 2011-12 की पहली तिमाही में भारत से कॉफी का निर्यात 15 फीसदी गिरकर 58,598 टन रह गया। कॉफी बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक पिछले मार्केटिंग वर्ष 2010-11 की पहली तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत से कॉफी का निर्यात 68,740 टन रहा था। दिसंबर माह के दौरान कॉफी का निर्यात सात फीसदी गिरकर 20,000 टन रह गया। दिसंबर 2010 में 21,576 टन कॉफी का निर्यात किया गया था। हालांकि नवंबर में कॉफी निर्यात 22 फीसदी बढ़कर 19,403 टन हो गया था। (प्रेट्र)

**मुश्किल** ◆ इस साल कोल्हू संचालकों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिल रहा

# गन्ना महंगा होने से गुड़ के उत्पादन व स्टॉक में कमी

**चालू सीजन में 2.92 लाख कट्टा गुड़ का स्टॉक पिछले साल से 30 फीसदी कम**

बिजनेस भास्कर ◆ नई दिल्ली



**गुड़ की मिठास महंगी**

दिल्ली थोक बाजार में इस समय गुड़ की बिक्री 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल पर हो रही है। पिछले साल इस दौरान गुड़ का थोक भाव 2400-2500 रुपये प्रति क्विंटल था। फुटकर में भी गुड़ का भाव 40 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गया है।

**गन्ने** का मूल्य अधिक होने के कारण पिछले साल के मुकाबले गुड़ का उत्पादन चालू सीजन में कम हो रहा है। इस वजह से चालू सीजन में अब तक गुड़ का स्टॉक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 30 फीसदी कम हो पाया है। मंडियों में गुड़ की आवक कम होने से बाजार में गुड़ के भाव में तेजी आ रही है। पिछले साल की तुलना में मुजफ्फरनगर थोक मंडी में गुड़ का वर्तमान भाव 10-15 फीसदी अधिक है। फुटकर में भी गुड़ की कीमतें 40 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच रही हैं।

मुजफ्फरनगर गुड़ मंडी के थोक कारोबारी रघुवीर सिंह ने बताया कि गन्ने का मूल्य अधिक होने के कारण इस साल गुड़ का उत्पादन कम हो रहा है। इससे गुड़ के स्टॉक में कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 2,92,899 कट्टे (प्रति कट्टा 40 किलो) गुड़ का स्टॉक हुआ है जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान 4,20,000 कट्टे दर्ज किया गया था। स्टॉक में कमी का मुख्य कारण गन्ने की ऊंची कीमतें हैं। जिससे कोल्हू चालकों को गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है क्योंकि चीनी मिलों से किसानों को गन्ने के ऊंचे दाम मिल रहे हैं।

गुड़ के थोक कारोबारी मोतीलाल के मुताबिक आवक कम होने के कारण बाजार में गुड़ की कीमतें बढ़ रही हैं। वर्तमान में 5,000-6,000 कट्टा गुड़ की आवक दर्ज की जा रही है। पिछले साल की समान अवधि में गुड़ की आवक 15,000 कट्टे की थी। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़ चाकू का वर्तमान भाव 1,000-1,080 रुपये प्रति कट्टा व गुड़ खुरपा का भाव 940-980 रुपये प्रति कट्टा चल रहा है। पिछले साल की तुलना में गुड़ के भाव में प्रति कट्टा 150 रुपये की तेजी आई है।

दिल्ली में गुड़ के थोक कारोबारी देशराज गुप्ता ने भी गन्ने की कीमतों में तेजी के कारण गुड़ का उत्पादन प्रभावित होने की बात कही। उन्होंने बताया कि उत्पादन कम होने के कारण गुड़ के भाव बढ़ रहे हैं। दिल्ली थोक बाजार में इस समय गुड़ की बिक्री 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर की जा रही है जो पिछले साल इस दौरान 2400-2500 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर थी। फुटकर में भी गुड़ का भाव 40 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गया।

## इंटरनेशनल एग्री कांफ्रेंस 6 फरवरी से

प्रेट्र ◆ नई दिल्ली

**एग्री** सेक्टर पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन यहां छह से आठ फरवरी के बीच किया जाएगा। इस कांफ्रेंस में तमाम देशों के किसान, एग्री कंपनियां और नीति नियंता एग्री सेक्टर के बदलावों पर चर्चा करेंगे। ग्लोबल एग्री-बिजनेस इंक्यूबेशन कांफ्रेंस में 12 देशों खासकर अफ्रीकी देशों के कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी भाग लेंगे।

इस कांफ्रेंस का आयोजन हैदराबाद के इक्रीसेट और नेशनल एग्रीकल्चरल इनोवेशन प्रोजेक्ट ने किया है। इक्रीसेट के डायरेक्टर जनरल विलियम डी डार और आईसीएआर के प्रमुख एस. अयप्पन ने बताया कि इस कांफ्रेंस में विभिन्न देशों में कृषि क्षेत्र के आपसी अनुभवों को साझा करने पर जोर दिया जाएगा।

## घरेलू, विदेशी बाजार में सोना चमका

**घरेलू बाजार में शादियों की मांग से तेजी को बल मिला**

बिजनेस भास्कर ◆ नई दिल्ली



**27,890** रुपये प्रति दस ग्राम पर सोना 50 रुपये तेज

**52,150** रुपये प्रति किलो पर चांदी 150 रुपये सुधरी

**अंतरराष्ट्रीय** बाजार में दाम बढ़ने और घरेलू बाजार में ब्याह-शादियों की मांग निकलने से सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में मजबूती दर्ज की गई। सोने की कीमतों में 50 रुपये प्रति दस ग्राम की तेजी आकर भाव 27,890 रुपये प्रति दस ग्राम हो गए। जबकि चांदी की कीमतों में 150 रुपये की तेजी आकर भाव 52,150 रुपये प्रति किलो हो गए।

दिल्ली बुलियन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष वी. के. गोयल ने बताया कि ब्याह-शादियों का सीजन शुरू होने के कारण सोने और चांदी में ज्वैलर्स की मांग पहले की तुलना में बढ़ गई है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम बढ़ने से भी कीमती धातुओं की तेजी को बल मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में तीन डॉलर की तेजी आकर भाव 1,642 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते देखा गया। जबकि 13 जनवरी को सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,639 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

चांदी का भाव भी सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में 29.77 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 29.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते देखा गया। लंदन स्थित क्वांटिटेटिव कमोडिटी रिसर्च के एनालिस्ट पीटर फेर्टिग ने कहा कि मौजूदा दौर में सोने में तेजी आ रही है। जबकि डॉलर के मुकाबले यूरो 17 माह के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद थोड़ा सुधर गया। लेकिन शेयर बाजार और क्रूड ऑयल में भी तेजी आ रही है। आमतौर पर सोने को संकट में सुरक्षित निवेश माना जाता है लेकिन इस समय संकट के विरुद्ध हेजिंग के लिए सोना खतरनाक हो गया है।

## तोरिया खली में हानिकारक तत्व बोरियों के हरे रंग से



**भारत से तोरिया खली आयात करने वाले चीन ने की थी शिकायत**

प्रेट्र ◆ नई दिल्ली

**कारोबारियों को सलाह**

जांच में बोरियों पर चिन्ह बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले हरे रंग से नुकसानदायक तत्व मिलने की बात साबित होने के बाद सरकार ने इसका उपयोग न करने की कारोबारियों को सलाह दी है।

**भारत** से निर्यात की गई रेपसीड मील (तोरिया खली) में नुकसानदायक रसायनिक तत्व मिलने की चीन ने शिकायत की है। इस शिकायत के बारे में जांच करने पर पता चला है कि जूट की बोरियों के हरे रंग से ये नुकसानदायक तत्व तोरिया खली में मिल जाते हैं। जूट की बोरियों में हरे रंग से चिन्ह लगाया जाता है।

खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जांच के बारे में पूछे जाने पर बताया कि रेपसीड मील में मेलाचाइट ग्रीन के तत्व पाए जाने का मुख्य स्रोत हरा रंग है। यह रंग बोरियों पर मार्क बनाने के लिए इस्तेमाल होता है। चीन से शिकायत मिलने के बाद कृषि और वाणिज्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रेक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की एक टीम ने इसका अध्ययन किया। टीम ने अपनी रिपोर्ट पिछले दिसंबर में सरकार को सौंप दी।

अधिकारी ने बताया कि लेबोरेटरी में जांच करने पर पता चला कि मेलाचाइट ग्रीन और ल्यूसो मेलाचाइट ग्रीन के तत्वों का स्रोत जूट बोरियों पर लगा हरा रंग होने का तथ्य सही है। कारोबारियों से बात करने पर पता चला कि मेलाचाइट ग्रीन तत्व वाले हरे रंग से बोरियों पर चिन्ह बनाया जाता है।

चीन ने भारत से आयातित रेपसीड मील में काफी मात्रा में मेलाचाइट ग्रीन के तत्व मिलने की शिकायत पिछले साल की थी। मेलाचाइट ग्रीन का इस्तेमाल सिल्क, लैदर और कागज को रंगने में इस्तेमाल होता है। इसमें कारसीनोजेन और टेराटोजेन के तत्व होने का संदेह होता है। इन रसायनों से डीएनए में बदलाव आने और श्वसन तंत्र को विषैला बनाने का शक रहता है।

पिछले साल सितंबर में वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की अगुवाई में अंतरमंत्रालयीय बैठक में टीम बनाने का फैसला किया गया था। टीम की रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने किसानों, तेल मिलों, कारोबारियों और निर्यातकों को सलाह दी है कि हरे रंग से अंकित बोरियों का इस्तेमाल न किया जाए। भारत से पिछले साल अप्रैल से दिसंबर के मध्य 2.71 लाख टन रेपसीड मील का निर्यात किया गया। रेपसीड का उत्पादन राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के सरसों उत्पादक क्षेत्रों में मुख्य रूप से किया जाता है।

## मार्केट

नोट : दिल्ली की थोक मंडियों के बंद भाव(कर रहित)

### सराफा बाजार (भाव रुपये में)

**दिल्ली**

| | |
|---|---|
| चांदी हाजिर (999) | 52,150 |
| देशी | 51,950 |
| कच्ची | 51,850 |
| सिक्का (नग) | 580-585 |
| सोना (999.5 टंच) | 27,890 |
| बिस्किट | 27,930 |
| स्टैंडर्ड (999.9) | 27,940 |
| गहने (22 कैरेट) | 25,565 |

**मुंबई**

| | |
|---|---|
| सोना शुद्ध | 27,600 |
| सोना स्टेण्डर्ड | 27,470 |
| सोना जेवराती | 26,370 |
| चांदी 999 | 52.190 |

### मलेशिया में भाव नरम पड़े



**पाम तेल :** बुर्सा मलेशिया डेरिवेटिव्स में अप्रैल डिलीवरी पाम तेल 0.9 फीसदी गिरकर 3,121 रिंगिट (991 डॉलर) प्रति टन रह गया। यूरोपीय देशों की क्रेडिट रेटिंग घटने के बाद तेल में गिरावट आई है।

## स्पॉट

### दिल्ली (बंद भाव प्रति क्विंटल)

**अनाज**

**गेहूं**

| | |
|---|---|
| एमपी देसी | 1700/2000 |
| दड़ा (मिल) | 1240/1250 |
| दड़ा (चक्की) | 1250/1255 |
| चक्की आटा (10 किलो) | 185/190 |
| मिल आटा (50 किलो) | 640/660 |
| मैदा (50 किलो) | 690/710 |
| सूजी (50 किलो) | 725/750 |
| बाजरा | 1000/1010 |
| ज्वार पीली | 1000/1050 |
| मक्का | 1360/1380 |
| जौ | 1100/1110 |
| जई | 1500/1600 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| शरबती | 2600/2800 |
| 1121 नं.चावल | 3400/3900 |
| बासमती सामान्य | 4200/4300 |
| परमल कच्चा | 1800/1850 |
| वंड | 2000/2050 |
| सेला | 2050/2100 |
| आईआर-8 | 1300/1400 |

**दलहन**

| | |
|---|---|
| उड़द साबुत | 3300/3800 |
| उड़द दाल धुली | 5200/5300 |
| उड़द दाल छिलका | 4200/5200 |
| मूंग साबुत | 3400/4400 |
| मूंग दाल छिलका | 4100/4500 |
| मूंग दाल धुली | 4600/5500 |
| मसूर काली | 3100/3400 |
| मसूर दाल | 3700/4000 |
| मलका लाल | 3700/4100 |
| तुअर | 3200/3700 |
| दाल तुअर दड़ा | 4700/4800 |
| दाल तुअर पटका | 5500/5800 |
| चना एमपी | 3400/3425 |
| चना राजस्थान | 3300/3325 |
| चना दाल | 3900/4200 |
| बेसन (35 किलो) | 1520/1570 |
| राजमां चित्रा | 5000/6800 |
| राजमां लाल | 4700/5000 |
| काबुली चना अकोला | 4000/4700 |
| काबुली चना मेक्सिको | 8000/8500 |

**गुड़/चीनी**

| | |
|---|---|
| चीनी हाजिर एस-30 | 3100/3300 |
| एम-30 | 3110/3325 |
| मिल डिलीवरी | 2900/3125 |
| गुड़ पेडी | 2950/3000 |
| गुड़ चाकू | 2650/2700 |
| गुड़ डहिया | 3000/3050 |
| शक्कर | 3200/3300 |



**आयातित दलहन** (प्रति क्विंटल मुंबई पहुंच भाव)

| | |
|---|---|
| मूंग | 4000 |
| उड़द | 3300 |
| अरहर | 3450 |
| पीली मटर | 2100 |

**तिलहन/तेल** (तेल 15 ली.)

| | |
|---|---|
| सरसों | 2550/2680 |
| तेल सरसों पक्की घानी | 1000/1160 |
| कच्ची घानी | 1150/1250 |
| तिल तेल | 1200/1300 |
| बिनौला मिल डिली. | 1050/1100 |

**डेयरी उत्पाद**

| | |
|---|---|
| देसी घी (15 किलो) | 3000/4000 |
| मावा पिंडी (किलो) | 150/160 |
| मावा धाप (किलो) | 130/140 |
| पनीर | 160/170 |

**किराना**

| | |
|---|---|
| लाल मिर्च गुंटूर | 7000/7500 |
| तेजा | 7500/8000 |
| फूलकट | 9000/9900 |
| नागपुर पाला | 5000/6000 |
| मिर्च फटकी | 6000/7000 |
| धनिया-ईगल | 5000/6000 |
| धनिया मीडियम | 6500/8000 |
| हल्दी- इरोड़ गठ्ठा | 5300/8600 |
| इरोड़ फली | 4500/5000 |
| हल्दी निजामाबाद | 4500/5500 |

**अलौह-धातु** (रूपये/प्रति किलो)

| | |
|---|---|
| कॉपर रॉड | 480 |
| आर्मेचर | 446 |
| अल्यूमीनियम कास्टिंग | 108 |
| अल्यूमीनियम इंगट | 131 |
| अल्यूमीनियम वायर | 132 |
| जिंक | 122 |
| टिन | 1310 |
| लेड | 115 |

**लोहा** (कर अतिरिक्त/प्रति टन)

| | |
|---|---|
| सरिया 10 एमएम | 40600/46700 |
| 12 एमएम | 40000/45200 |
| 16/25 एमएम | 40400/45800 |
| एंगल(5035)(5036) | 33000 |

### यार्न

**मुंबई**

| | |
|---|---|
| **पॉलिएस्टर विस्कोज** | |
| 30/65-35 | 165-170 |
| 40/65-35 | 175-180 |
| 45/65-35 | 170-185 |
| 60/65-35 | 180-190 |
| 45/55-45 | 180-190 |
| 2/60/55-45 | 270-275 |
| 2/76/65-35 | 285-290 |
| **पॉलिएस्टर कॉटन** | |
| 60/65-35 | 170-175 |
| 64/ 65-35 | 185-190 |
| 52/65-35 | 170-175 |
| **कॉटन यार्न (प्रति किलो)** | |
| 30 कॉर्डेड | 160-165 |
| 30 कोंब्ड | 170-175 |
| 40 कॉर्डेड | 170-175 |
| 40 कोंब्ड | 190-200 |
| **कॉटन यार्न (प्रति 5 किलो)** | |
| 42 कॉर्डेड | 960-990 |
| 60 वेफ्ट कार्डेड | 970-990 |
| 62 कॉर्डेड | 1050-1100 |
| 64 कोंब्ड | 1250-1350 |
| 80 कॉडेड | 1100-1150 |
| 80 कोंब्ड | 1130-1150 |
| 90 कोंब्ड | 1180-1250 |

**भीलवाड़ा**

| | |
|---|---|
| **पॉलिएस्टर विस्कोज नॉन टीबीएल** | |
| 2/18 डाइड | 181-185 |
| 2/30 डाइड | 203-205 |
| 2/40 डाइड | 227-234 |
| 2/50 डाइड | 261-264 |
| **फ्रोस्टेड** | |
| 2/30 | 198-202 |
| 2/40 | 224-226 |
| 2/50 | 256-259 |
| **ग्रे टीएफओ** | |
| 2/20 | 172-176 |
| 2/24 | 161-167 |
| 2/30 | 175-178 |
| 2/40 | 200-205 |


**किशनगढ़**

| | |
|---|---|
| **कॉटन यार्न (प्रति 5 किलो)** | |
| 20 वेफ्ट | 597 |
| 20 वार्प | 602 |
| 30 वेफ्ट | 617 |
| 30 वार्प | 635 |
| 16 वेफ्ट | 547 |
| 32 वार्प | 626 |

## फ्यूचर एक्सचेंज

# नई आवक शुरू होने से चना वायदा में गिरावट

बिजनेस भास्कर ◆ नई दिल्ली




दक्षिण भारत के राज्यों से चने की आवक शुरू हो जाने के कारण चना वायदा में गिरावट दर्ज की गई। एनसीडीईएक्स पर सोमवार को चना जनवरी वायदा 4 फीसदी गिरकर 3,331 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। कर्वी कॉमट्रेड के विश्लेषक अरविंद प्रसाद ने बताया कि हाजिर बाजार में चने की ताजा आवक शुरू हो जाने के कारण चने की कीमतों पर दबाव आया है। इस कारण चना वायदा में गिरावट दर्ज की गई।

**बिनौला खली**

नीचे भावों में मांग निकलने से बिनौला खली वायदा में तेजी दर्ज की गई। एनसीडीईएक्स पर बिनौला खली जनवरी वायदा 4.1 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 1,334 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि बिनौला खली के भाव निचले स्तर पर जाने से मांग बढ़ी है जिससे कीमतों में सुधार दर्ज किया गया है।

**धनिया**

फरवरी में शुरू होने वाली धनिये की ताजा आवक के दबाव से धनिया वायदा में गिरावट दर्ज की गई। एनसीडीईएक्स पर सोमवार को धनिया जनवरी वायदा 4 फीसदी गिरकर 3,900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बाजार के जानकारों के मुताबिक धनिये की कीमतों पर फरवरी में आने वाली ताजा आवक का दबाव देखा जा रहा है। इस साल धनिया के उत्पादन में 25-30 फीसदी बढ़ने का अनुमान है।

**निकल**

कमजोर वैश्विक संकेतों से सोमवार को घरेलू एमसीएक्स पर निकल वायदा में गिरावट दर्ज की गई। शाम पांच बजे निकल जनवरी वायदा 0.11 फीसदी गिरकर 1007 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया। विश्लेषकों के अनुसार यूरो जोन के कुछ देशों की क्रेडिट रेटिंग घटने से वैश्विक स्तर पर धातु बाजार में चिंता बढ़ गई है। जिसका असर घरेलू बाजार पर भी देखा गया।

### कमोडिटी टिप्स



अरविंद प्रसाद
विश्लेषक कर्वी कॉमट्रेड

**कमोडिटी :** हल्दी
**एक्सचेंज :** एनसीडीईएक्स
**कांट्रेक्ट :** अप्रैल
**मूल्य :** 4,650-4,656
**टारगेट :** 4,610
**स्टॉप लॉस :** 4,680

**हल्दी**

मंगलवार को हल्दी की कीमतों में गिरावट के संकेत मिल रहे हैं। पोंगल के कारण मंगलवार तक इरोड स्थित हाजिर बाजार में कारोबार बंद रहेगा। ऐसे में व्यापारियों का अनुमान है कि हल्दी की आवक में बढ़ोतरी होगी जिससे कीमतों पर दबाव बनेगा और दाम नीचे गिरेंगे। दूसरी ओर हल्दी के उत्पादन में बढ़ोतरी के अनुमान के कारण भी कीमतों में गिरावट को समर्थन मिलने की संभावना है।



अरविंद प्रसाद
विश्लेषक कर्वी कॉमट्रेड

**कमोडिटी :** सोयाबीन
**एक्सचेंज :** एनसीडीईएक्स
**कांट्रेक्ट :** फरवरी
**मूल्य :** 2,540
**टारगेट :** 2,488
**स्टॉप लॉस :** 2,562

**सोयाबीन**

अमेरिका में मौसम सुधार के कारण सोयाबीन की कीमतों में गिरावट के संकेत हैं। घरेलू बाजार में भी खाद्य तेलों की त्योहारी मांग खत्म हो जाने से सोयाबीन की कीमतों पर दबाव बन सकता है। सोयाबीन का स्टॉक पिछले साल से अधिक होने के कारण कीमतों में गिरावट को समर्थन मिल सकता है। दिसंबर में खाद्य तेलों के आयात में बढजोतरी के कारण भी सोयाबीन पर दबाव रह सकता है।

**डिसक्लेमर :** यह राय कमोडिटी ब्रोकिंग हाउसों के विशेषज्ञों की है। निवेशक कोई वित्तीय फैसला लेने से पहले अपने स्तर पर सभी तथ्यों का बारीकी से अध्ययन कर लें।

### एमसीएक्स

| Commodity Expiry Date | UNITS OF QUOTATION | OPEN (INR) | CLOSE (INR) | VOLUME | OPEN INTEREST | UNITS OF VOLU& OI |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ALUMINI Feb12 | 1KGS | 110.75 | 111.00 | 293 | 784 | MT |
| ALUMINI Jan12 | 1KGS | 109.65 | 109.95 | 5,157 | 2,779 | MT |
| ALUMINI Mar12 | 1KGS | 112.10 | 112.10 | 1 | 40 | MT |
| ALUMINIUM Feb12 | 1KGS | 111.00 | 111.15 | 485 | 1,890 | MT |
| ALUMINIUM Jan12 | 1KGS | 109.65 | 109.90 | 11,055 | 10,380 | MT |
| BRCRUDEOIL Feb12 | 1BBL | 5741.00 | 5741.00 | 100 | 5,200 | BBL |
| CARDAMOM Apr12 | 1KGS | 675.00 | 689.60 | 35 | 96 | MT |
| CARDAMOM Feb12 | 1KGS | 621.00 | 640.70 | 470 | 454 | MT |
| CARDAMOM Mar12 | 1KGS | 654.80 | 668.70 | 119 | 214 | MT |
| CARDAMOM May12 | 1KGS | 690.00 | 700.70 | 22 | 12 | MT |
| COPPER Apr12 | 1KGS | 419.15 | 421.40 | 4,373,000 | 4,415,000 | KGS |
| COPPER Feb12 | 1KGS | 415.25 | 417.85 | 73,519,000 | 37,886,000 | KGS |
| COPPER Jun12 | 1KGS | 421.25 | 425.00 | 25,000 | 101,000 | KGS |
| COPPERM Apr12 | 1KGS | 419.20 | 421.30 | 457,000 | 415,500 | KGS |
| COPPERM Feb12 | 1KGS | 415.00 | 417.85 | 8,595,500 | 3,691,500 | KGS |
| COPPERM Jun12 | 1KGS | 421.50 | 424.50 | 11,500 | 28,500 | KGS |
| COTTON Apr12 | 1BALES | 18950.00 | 19090.00 | 925 | 1,650 | BALES |
| COTTON Jan12 | 1BALES | 18240.00 | 18370.00 | 14,525 | 16,450 | BALES |
| COTTON Mar12 | 1BALES | 18660.00 | 18910.00 | 16,250 | 24,625 | BALES |
| COTTON May12 | 1BALES | 19100.00 | 19220.00 | 125 | 200 | BALES |
| CPO Apr12 | 10KGS | 539.20 | 537.80 | 420 | 2,710 | MT |
| CPO Feb12 | 10KGS | 531.10 | 531.20 | 25,630 | 60,700 | MT |
| CPO Jan12 | 10KGS | 527.60 | 529.30 | 6,520 | 21,030 | MT |
| CPO Mar12 | 10KGS | 537.40 | 535.40 | 14,040 | 32,250 | MT |
| CRUDEOIL Apr12 | 1BBL | 5202.00 | 5215.00 | 1,400 | 15,200 | BBL |
| CRUDEOIL Feb12 | 1BBL | 5150.00 | 5155.00 | 627,500 | 692,800 | BBL |
| CRUDEOIL Jan12 | 1BBL | 5120.00 | 5125.00 | 4,448,500 | 1,933,800 | BBL |
| CRUDEOIL Jun12 | 1BBL | 5240.00 | 5243.00 | 300 | 4,800 | BBL |
| CRUDEOIL Mar12 | 1BBL | 5156.00 | 5180.00 | 33,700 | 87,200 | BBL |
| CRUDEOIL May12 | 1BBL | 5228.00 | 5228.00 | 100 | 5,500 | BBL |
| GOLD Apr12 | 10GRMS | 27891.00 | 27873.00 | 856 | 3,790 | KGS |
| GOLD Aug12 | 10GRMS | 28557.00 | 28557.00 | 5 | 46 | KGS |
| GOLD Feb12 | 10GRMS | 27540.00 | 27528.00 | 13,425 | 13,137 | KGS |
| GOLD Jun12 | 10GRMS | 28233.00 | 28229.00 | 7 | 222 | KGS |
| GOLDGUINEA Feb12 | 8GRMS | 22193.00 | 22198.00 | 21 | 88 | KGS |
| GOLDGUINEA Jan12 | 8GRMS | 21991.00 | 22013.00 | 70 | 266 | KGS |
| GOLDGUINEA Mar12 | 8GRMS | 22380.00 | 22387.00 | 6 | 13 | KGS |
| GOLDM Apr12 | 10GRMS | 27900.00 | 27890.00 | 47 | 111 | KGS |
| GOLDM Feb12 | 10GRMS | 27539.00 | 27549.00 | 2,428 | 4,283 | KGS |
| GOLDM Mar12 | 10GRMS | 27721.00 | 27724.00 | 307 | 1,084 | KGS |
| GOLDPETAL Feb12 | 1GRMS | 2782.00 | 2783.00 | 43 | 73 | KGS |
| GOLDPETAL Jan12 | 1GRMS | 2758.00 | 2760.00 | 61 | 119 | KGS |
| GOLDPETAL Mar12 | 1GRMS | 2805.00 | 2805.00 | 1 | 7 | KGS |
| KAPAS Apr12 | 20KGS | 949.00 | 985.40 | 11,296 | 4,136 | MT |
| KAPAS Mar12 | 20KGS | 943.80 | 981.00 | 8,196 | 2,720 | MT |
| LEAD Feb12 | 1KGS | 104.95 | 105.35 | 1,685 | 2,730 | MT |
| LEAD Jan12 | 1KGS | 103.80 | 104.15 | 22,470 | 23,025 | MT |
| LEADMINI Apr12 | 1KGS | 107.20 | 107.35 | 4 | 18 | MT |
| LEADMINI Feb12 | 1KGS | 105.10 | 105.35 | 700 | 1,098 | MT |
| LEADMINI Jan12 | 1KGS | 103.90 | 104.15 | 9,035 | 7,175 | MT |
| LEADMINI Mar12 | 1KGS | 105.85 | 106.05 | 4 | 60 | MT |
| MENTHAOIL Feb12 | 1KGS | 1502.90 | 1543.90 | 752 | 707 | MT |
| MENTHAOIL Jan12 | 1KGS | 1493.00 | 1548.30 | 2,633 | 1,699 | MT |
| MENTHAOIL Mar12 | 1KGS | 1490.10 | 1532.60 | 118 | 231 | MT |
| NATURALGAS Feb12 | 1mmBtu | 140.10 | 136.90 | 6,566,250 | 11,890,000 | mmBtu |
| NATURALGAS Jan12 | 1mmBtu | 136.30 | 132.90 | 24,931,250 | 34,798,750 | mmBtu |
| NATURALGAS Mar12 | 1mmBtu | 146.10 | 143.20 | 737,500 | 1,223,750 | mmBtu |
| NICKEL Apr12 | 1KGS | 1025.10 | 1024.40 | 1,250 | 6,500 | KGS |
| NICKEL Feb12 | 1KGS | 1014.70 | 1008.90 | 218,000 | 392,500 | KGS |
| NICKEL Jan12 | 1KGS | 1006.10 | 1003.30 | 3,997,000 | 2,251,250 | KGS |
| NICKEL Mar12 | 1KGS | 1017.30 | 1017.80 | 2,750 | 18,500 | KGS |
| NICKELM Apr12 | 1KGS | 1026.10 | 1026.20 | 900 | 1,400 | KGS |
| NICKELM Feb12 | 1KGS | 1014.70 | 1009.20 | 38,100 | 40,500 | KGS |
| NICKELM Jan12 | 1KGS | 1007.30 | 1003.30 | 748,900 | 316,500 | KGS |
| NICKELM Mar12 | 1KGS | 1015.00 | 1015.00 | 100 | 1,800 | KGS |
| POTATO Apr12 | 100KGS | 733.90 | 739.40 | 9,360 | 13,140 | MT |
| POTATO Mar12 | 100KGS | 736.00 | 748.80 | 58,830 | 47,010 | MT |
| POTATO May12 | 100KGS | 768.80 | 766.00 | 6,600 | 9,480 | MT |
| POTATOTRWR Apr12 | 100KGS | 580.00 | 579.20 | 300 | 930 | MT |
| POTATOTRWR Mar12 | 100KGS | 581.00 | 595.10 | 9,000 | 13,200 | MT |
| POTATOTRWR May12 | 100KGS | 600.00 | 610.00 | 150 | 840 | MT |
| SILVER Jul12 | 1KGS | 54398.00 | 54480.00 | 150 | 3,180 | KGS |
| SILVER Mar12 | 1KGS | 52249.00 | 52395.00 | 442,350 | 514,740 | KGS |
| SILVER May12 | 1KGS | 53043.00 | 53497.00 | 13,470 | 46,800 | KGS |
| SILVERM Apr12 | 1KGS | 53176.00 | 53503.00 | 6,700 | 20,825 | KGS |
| SILVERM Aug12 | 1KGS | 55398.00 | 55527.00 | 75 | 655 | KGS |
| SILVERM Feb12 | 1KGS | 52250.00 | 52412.00 | 167,130 | 207,675 | KGS |
| SILVERM Jun12 | 1KGS | 55111.00 | 54523.00 | 155 | 2,310 | KGS |
| SILVERMIC Apr12 | 1KGS | 53330.00 | 53509.00 | 3,751 | 12,329 | KGS |
| SILVERMIC Feb12 | 1KGS | 52155.00 | 52417.00 | 51,123 | 122,134 | KGS |
| SILVERMIC Jun12 | 1KGS | 54001.00 | 54552.00 | 285 | 1,646 | KGS |
| SUGARMKOL Feb12 | 100KGS | 2860.00 | 2849.00 | 870 | 1,270 | MT |
| SUGARMKOL Jan12 | 100KGS | 2803.00 | 2797.00 | 600 | 1,980 | MT |
| SUGARMKOL Mar12 | 100KGS | 2891.00 | 2881.00 | 290 | 580 | MT |
| ZINC Feb12 | 1KGS | 101.60 | 101.70 | 1,150 | 2,235 | MT |
| ZINC Jan12 | 1KGS | 100.65 | 100.70 | 33,195 | 17,125 | MT |
| ZINC Mar12 | 1KGS | 102.65 | 102.70 | 10 | 75 | MT |

### एनसीडीईएक्स

| Commodity Expiry Date | UNITS OF QUOTATION | OPEN (INR) | CLOSE (INR) | VOLUME | OPEN INT | UNITS OF VOLU& OI |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BARLEY, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 1256.2 | 1261 | 7.55 | 460 | MT |
| BARLEY, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 1285 | 1282.2 | 2.57 | 340 | MT |
| CASTOR SEED NEW, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 4055 | 4063 | 413.47 | 3990 | MT |
| CASTOR SEED NEW, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 3890 | 3832.5 | 1310.77 | 5980 | MT |
| CASTOR SEED NEW, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 3795 | 3738 | 451.1 | 3580 | MT |
| CASTOR SEED NEW, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 3819.5 | 3775 | 49.35 | 650 | MT |
| CASTOR SEED NEW, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 3810.5 | 3810.5 | 3.81 | 10 | MT |
| CHANA, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 3450 | 3333 | 29978.46 | 85540 | MT |
| CHANA, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 3352 | 3277 | 54141.79 | 81960 | MT |
| CHANA, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 3271 | 3218 | 15487.5 | 29260 | MT |
| CHANA, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 3295 | 3262 | 13308.16 | 67560 | MT |
| CHANA, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 3352 | 3324 | 4400.5 | 36170 | MT |
| CHANA, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 3386 | 3363 | 131.13 | 760 | MT |
| RED_CHILLI, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 6170 | 6104 | 1080.55 | 2855 | MT |
| RED_CHILLI, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 5564 | 5556 | 163.86 | 1405 | MT |
| RED_CHILLI, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 5638 | 5646 | 47.98 | 760 | MT |
| COPPER, 2/29/2012 | RS/KG | 415.95 | 417.1 | 1005.15 | 172 | MT |
| CORIANDER, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 4042 | 3946 | 978.44 | 6240 | MT |
| CORIANDER, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 4275 | 4085 | 2297.85 | 11620 | MT |
| CORIANDER, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 4266 | 4184 | 555.26 | 3130 | MT |
| CORIANDER, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 4361 | 4304 | 73.17 | 220 | MT |
| GUAR_GUM, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 34047 | 34366 | 463.94 | 4895 | MT |
| GUAR_GUM, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 34570 | 34906 | 104.38 | 18685 | MT |
| GUAR_GUM, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 34526 | 34526 | 17.26 | 945 | MT |
| GUAR_SEED, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 10289 | 10389 | 1100.83 | 26690 | MT |
| GUAR_SEED, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 10443 | 10540 | 1032.91 | 85880 | MT |
| GUAR_SEED, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 10570 | 10655 | 543.4 | 9890 | MT |
| GUAR_SEED, 7/20/2012 | Rs/Quintal | 10719 | 10823 | 86.48 | 480 | MT |
| GOLD_NEW, 2/3/2012 | RS/10GMS | 27545 | 27555 | 137.77 | 56 | KG |
| GUR_NEW, 1/20/2012 | Rs/40Kgs | 1045.5 | 1045.5 | 454.58 | 2310 | MT |
| GUR_NEW, 3/20/2012 | Rs/40Kgs | 1063 | 1056.5 | 649.29 | 5310 | MT |
| GUR_NEW, 7/20/2012 | Rs/40Kgs | 1170 | 1166 | 78.68 | 1650 | MT |
| GUR_NEW, 9/20/2012 | Rs/40Kgs | 1167 | 1180 | 8.79 | 30 | MT |
| JEERA, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 15979 | 15922 | 2895.26 | 2553 | MT |
| JEERA, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 16290 | 16454 | 13130.37 | 17697 | MT |
| JEERA, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 16780 | 16840 | 1598.17 | 7032 | MT |
| JEERA, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 17007 | 17031 | 86.86 | 180 | MT |
| KAPAS, 2/29/2012 | Rs/20Kgs | 950 | 962 | 61.56 | 60 | Lot |
| KAPAS, 3/30/2012 | Rs/20Kgs | 944.2 | 957.9 | 36.4 | 38 | Lot |
| KAPAS, 4/30/2012 | Rs/20Kgs | 939.5 | 977.1 | 18183.3 | 10807 | Lot |
| MAIZE INDUSTRIAL, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 1220 | 1228 | 196.33 | 4010 | MT |
| MAIZE INDUSTRIAL, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 1268 | 1275 | 687.14 | 13230 | MT |
| MAIZE INDUSTRIAL, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 1295 | 1314 | 227.87 | 3870 | MT |
| MAIZE INDUSTRIAL, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 1325 | 1331.5 | 23.96 | 780 | MT |
| MAIZE INDUSTRIAL, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 1340 | 1355 | 6.72 | 50 | MT |
| POTATO, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 688 | 710.1 | 898.16 | 9600 | MT |
| POTATO, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 698.3 | 704.6 | 135.99 | 2040 | MT |
| POTATO, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 703.6 | 710.5 | 12.75 | 1620 | MT |
| POTATO, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 703.8 | 703.8 | 3.17 | 390 | MT |
| POTATO, 7/20/2012 | Rs/Quintal | 719.1 | 726.1 | 10.87 | 570 | MT |
| POTATO, 8/17/2012 | Rs/Quintal | 734.7 | 741.9 | 13.34 | 495 | MT |
| PEPPER, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 30400 | 30640 | 6613.96 | 3150 | MT |
| PEPPER, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 30515 | 31230 | 8252.88 | 3532 | MT |
| PEPPER, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 30775 | 31400 | 1183.06 | 1137 | MT |
| PEPPER, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 30500 | 31500 | 40.26 | 512 | MT |
| PEPPER, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 30550 | 30960 | 52.63 | 317 | MT |
| PEPPER, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 30750 | 31205 | 37.29 | 247 | MT |
| PVC_NEW, 2/17/2012 | Rs/MT | 55500 | 56000 | 170.2 | 110 | MT |
| PVC_NEW, 3/20/2012 | Rs/MT | 56500 | 56500 | 56.5 | 100 | MT |
| RUBBER_NEW, 1/20/2012 | RS/QTL | 19090 | 19150 | 9.57 | 17 | MT |
| SILVER_NEW, 3/5/2012 | RS/KG | 52100 | 52100 | 31.26 | 1290 | KG |
| NEW_STEEL_LONG, 1/20/2012 | Rs/MT | 32980 | 32520 | 1650.38 | 11180 | MT |
| NEW_STEEL_LONG, 2/20/2012 | Rs/MT | 33600 | 33090 | 2026.19 | 15370 | MT |
| NEW_STEEL_LONG, 3/20/2012 | Rs/MT | 33580 | 33510 | 154.13 | 860 | MT |
| NEW_STEEL_LONG, 5/18/2012 | Rs/MT | 33000 | 34650 | 190.88 | 0 | MT |
| SUGARM200, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 2835 | 2816 | 2234.23 | 22130 | MT |
| SUGARM200, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 2874 | 2853 | 1824.88 | 19410 | MT |
| SUGARM200, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 2900 | 2875 | 1050 | 13140 | MT |
| SUGARM200, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 2938 | 2929 | 67.35 | 1410 | MT |
| SUGARM200, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 2991 | 2960 | 32.83 | 1830 | MT |
| SUGARM200, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 3049 | 3010 | 30.45 | 60 | MT |
| SOYABEAN, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 2490 | 2460 | 2914.35 | 45890 | MT |
| SOYABEAN, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 2576 | 2556.5 | 32677.35 | 306660 | MT |
| SOYABEAN, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 2603.5 | 2581.5 | 15095.63 | 183980 | MT |
| SOYABEAN, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 2635 | 2608 | 4144.18 | 54390 | MT |
| SOYABEAN, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 2663 | 2637 | 477.04 | 10860 | MT |
| SOYABEAN, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 2686.5 | 2651 | 34.59 | 1090 | MT |
| SOYA_OIL, 1/20/2012 | Rs/10Kgs | 711.2 | 708.4 | 6654.57 | 33170 | MT |
| SOYA_OIL, 2/20/2012 | Rs/10Kgs | 708 | 708.75 | 111540.15 | 129510 | MT |
| SOYA_OIL, 3/20/2012 | Rs/10Kgs | 695 | 692.35 | 41234.38 | 85060 | MT |
| SOYA_OIL, 4/20/2012 | Rs/10Kgs | 691 | 686.35 | 8732.27 | 48380 | MT |
| SOYA_OIL, 5/18/2012 | Rs/10Kgs | 695.5 | 685.95 | 2568.1 | 18460 | MT |
| SOYA_OIL, 6/20/2012 | Rs/10Kgs | 695 | 684.65 | 287.54 | 730 | MT |
| TURMERIC, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 4680 | 4646 | 669.97 | 10220 | MT |
| TURMERIC, 5/18/2012 | Rs/Quintal | 4490 | 4480 | 241.98 | 4835 | MT |
| TURMERIC, 6/20/2012 | Rs/Quintal | 4500 | 4500 | 15.69 | 450 | MT |
| WHEAT, 1/20/2012 | Rs/Quintal | 1250 | 1237 | 266.29 | 7770 | MT |
| WHEAT, 2/20/2012 | Rs/Quintal | 1270 | 1273 | 234.49 | 8720 | MT |
| WHEAT, 3/20/2012 | Rs/Quintal | 1291 | 1291 | 107.16 | 1470 | MT |
| WHEAT, 4/20/2012 | Rs/Quintal | 1300 | 1300 | 71.42 | 1800 | MT |

### एनएमसीई

| Commodity Expiry Date | UNITS OF QUOTATION | OPEN (INR) | CLOSE (INR) | VOLUME | OPEN INTEREST | UNITS OF VOLU& OI |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ALUMINIUM 5 TON, 31 Jan 12 | 1 Kg | 109.30 | 109.05 | 530 | 2 | 5 Ton |
| ALUMINIUM 5 TON, 29 Feb 12 | 1 Kg | 111.45 | 111.80 | 1,228 | 7 | 5 Ton |
| CASTOR SEED 10 MT, 15 Feb 12 | 100 Kg | 3,870.00 | 3,860.50 | 1,208 | 11 | 10 Ton |
| CASTOR SEED 10 MT, 13 Apr 12 | 100 Kg | 3,815.00 | 3,796.00 | 16 | 4 | 10 Ton |
| CHANA, 20 Jan 12 | 100 Kg | 3,489.00 | 3,370.00 | 2,760 | 16 | 10 Ton |
| CHANA, 18 Feb 12 | 100 Kg | 3,353.00 | 3,279.00 | 2,966 | 30 | 10 Ton |
| COFFEE REP BULK, 31 Jan 12 | 100 Kg | 9,830.00 | 9,709.50 | 2,150 | 5 | 1500 Kg |
| COPPER, 29 Feb 12 | 1 Kg | 415.00 | 417.95 | 78 | 4 | 1 Ton |
| COPPER, 30 Apr 12 | 1 Kg | 420.65 | 421.70 | 20 | 4 | 1 Ton |
| GOLD, 15 Feb 12 | 10 Gm | 27,577.00 | 27,508.00 | 1,862 | 14 | 100 Gm |
| GOLD, 15 Mar 12 | 10 Gm | 27,760.00 | 28,100.00 | 1,492 | 6 | 100 Gm |
| GOLD GUINEA, 31 Jan 12 | 8 Gms | 22,100.00 | 21,941.00 | 15,106 | 22 | 8 Gms |
| GOLD GUINEA, 29 Feb 12 | 8 Gms | 22,070.00 | 22,253.00 | 33,856 | 32 | 8 Gms |
| GUARSEED 10 MT, 20 Jan 12 | 100 Kg | 9,444.00 | 9,725.00 | 1,274 | 5 | 10 Ton |
| GUARSEED 10 MT, 18 Feb 12 | 100 Kg | 9,607.00 | 9,903.00 | 1,254 | 4 | 10 Ton |
| ISABGULSEED, 15 Feb 12 | 100 Kg | 5,798.90 | 5,813.20 | 796 | 4 | 10 Ton |
| ISABGULSEED, 13 Apr 12 | 100 Kg | 5,854.60 | 5,842.00 | 1,118 | 2 | 10 Ton |
| LEAD, 31 Jan 12 | 1 Kg | 103.20 | 102.90 | 24 | 2 | 5 Ton |
| LEAD, 29 Feb 12 | 1 Kg | 105.25 | 105.25 | 8 | 2 | 5 Ton |
| NICKEL, 31 Jan 12 | 1 Kg | 1,009.00 | 997.50 | 406 | 4 | 250 Kg |
| NICKEL, 29 Feb 12 | 1 Kg | 1,006.00 | 1,018.60 | 644 | 5 | 250 Kg |
| PEPPER, 15 Feb 12 | 100 Kg | 30,916.00 | 30,917.00 | 2,244 | 17 | 1 Ton |
| RAPE/MUSTARD SEED, 15 Feb 12 | 20 Kg | 652.50 | 644.40 | 3,108 | 20 | 10 Ton |
| RAPE/MUSTARD SEED, 15 Mar 12 | 20 Kg | 642.50 | 656.70 | 2,804 | 19 | 10 Ton |
| RAW JUTE, 31 Jan 12 | 100 Kg | 2,224.00 | 2,197.20 | 2,428 | 14 | 10 Ton |
| RAW JUTE, 29 Feb 12 | 100 Kg | 2,225.00 | 2,252.00 | 2,402 | 18 | 10 Ton |
| RUBBER, 15 Feb 12 | 100 Kg | 19,220.00 | 19,248.00 | 3,762 | 3,325 | 1 Ton |
| RUBBER, 15 Mar 12 | 100 Kg | 19,670.00 | 19,620.00 | 1,720 | 1,925 | 1 Ton |
| RUBBER, 13 Apr 12 | 100 Kg | 20,200.00 | 20,310.00 | 208 | 526 | 1 Ton |
| RUBBER, 15 May 12 | 100 Kg | 20,624.00 | 20,660.00 | 48 | 96 | 1 Ton |
| RUBBER, 15 Jun 12 | 100 Kg | 20,010.00 | 20,330.00 | 26 | 6 | 1 Ton |
| RUBBER, 14 Jul 12 | 100 Kg | 20,100.00 | 20,100.00 | 2 | 1 | 1 Ton |
| SACK, 15 Feb 12 | 100 Bag | 3,247.50 | 3,223.10 | 1,118 | 8 | 25 Bale |
| SOYOIL 10 MT , 20 Jan 12 | 10 Kg | 714.50 | 722.00 | 1,002 | 8 | 10 Ton |
| SOYOIL 10 MT , 18 Feb 12 | 10 Kg | 718.00 | 722.80 | 1,130 | 16 | 10 Ton |
| ZINC, 31 Jan 12 | 1 Kg | 100.90 | 99.65 | 1,344 | 2 | 5 Ton |
| ZINC, 29 Feb 12 | 1 Kg | 100.95 | 101.70 | 1,000 | 2 | 5 Ton |

नोट : मेटल व कुछ एग्री कमोडिटी के शाम 6 बजे के प्रचलित भाव, बाकी कमोडिटी के बंद भाव। (स्रोत- संबंधित एक्सचेंज)